पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का शुभारम्भ पूजा अर्चना से किया

लखनऊः 6 जुलाई, 2016

प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज डालीगंज स्थित राधा मोहन मंदिर में आरती एवं पूजा अर्चना करके भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री प्रो0 अभिषेक मिश्रा, लखनऊ के महापौर डॉ0 दिनेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर राधा मोहन मंदिर की समिति के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ मंदिर में रहते हैं मगर साल में एक दिन भगवान मंदिर से बाहर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलते हैं। यह सौभाग्य का विषय है कि राधा मोहन मंदिर द्वारा आयोजित 55वीं रथ यात्रा का शुभारम्भ करने का उन्हें अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मार्ग दर्शन देने का काम करती है।

श्री नाईक ने स्वामी विवेकानन्द के शिकागों में दिये गये भाषण को उद्धृत करते हुए कहा कि हमारा देश वसुधैव कुटुम्बकम् की परम्परा में विश्वास करता है। स्वामी जी ने कहा था कि वे उस धर्म के अनुयायी है जो सभी धर्मों का सम्मान करता है। राज्यपाल ने इसी दृष्टि से राधा मोहन मंदिर में आयोजित समारोह में बोलते हुए समस्त मुस्लिम भाईयों को ईद की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि समस्त त्यौहार हमें अपनी कठिनाईयों को भूलकर एक साथ आने का संदेश देते हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (237/07)

राधे
राधे
राधे
राधे